हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 21 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 25.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

13 भगवान शिव कल्याण के प्रतीक है और माता …



14 जब धरती पर अधर्म और अहंकार बढ़ता है तब…





## खबर संक्षेप

### मड़ई मेले में यादव समाज ने दिखाए करतब



**सेल**। ग्राम पंचायत हंसुआ में ग्रामीणों ने मड़ई मेला का आनंद लिया। शनिवार को शाम 4 बजे बाजे-गाजे के साथ राउत नाचा का आयोजन रखा गया था। यह कार्यक्रम स्थानीय बाजार चौक में आयोजित किया गया था। मड़ई मेला में काफी उत्साह देखा गया। मेन रोड में भव्य शोभायात्रा निकालकर यादव समाज के लोगों ने अपना करतब दिखाया। राउत नाचा को परंपरा के अनुसार मनाया जाता हैं। मड़ई मेला सदियों से चलता आ रहा हैं, आज भी विलुप्त नहीं हुआ हैं। गांव-गांव में यादव समाज के नृत्य करने वाले को संपर्क कर जुट होकर आजकल मड़ई मेला का आयोजन कराता है। खरीफ फसल धान कटाई मिंजाई होने के बाद राउत नाचा कराया जाता हैं। गांव-गांव में मड़ई मेला का आयोजन किया जाता हैं। पौष माह में ठंड के दिनों में मड़ई मेला देखने का आनंद लिया जाता हैं।

### आत्मानंद स्कूल में सात दिवसीय शिविर आज से

**भवानीपुर**। विकासखंड पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत भवानीपुर में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रोहांसी द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 21 से 27 दिसंबर तक आयोजित किया जायेगा। इसका शुभारंभ दोपहर 3 बजे से होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सविता भीम यादव अध्यक्ष जनपद पंचायत पलारी एवं अध्यक्षता रवि बंजारे जिला पंचायत सदस्य और विशिष्ट अतिथि विजय कोसले अध्यक्ष भाजपा मंडल रोहांसी अनुसुइया मुकेश चंद्राकर के साथ-साथ जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहेंगे । कार्यक्रम अधिकारी ▸▸ शेष पेज 13 पर

# नगरसभा में नशाखोरी, डिस्पोजल पर प्रतिबंध का प्रस्ताव पारित

## नपं अध्यक्ष गोपी साहू के संयोजन में नगर सभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पलारी

नगर पंचायत पलारी में नगर पंचायत गठन के बाद पहली बार नगरसभा का आयोजन अध्यक्ष गोपी साहू की अध्यक्षता और संयोजन में नगर भवन में आयोजित किया गया। इसमें नगर के वरिष्ठजन, विभिन्न समाजों के पदाधिकारी, व्यापारी संघ, किसान समिति के सदस्य, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, आंगनबाड़ी के कार्यकर्ता-सहायिका सहित नगर के आम नागरिकगण पार्षद, पत्रकार, डाक्टर और थाना प्रभारी सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित हुए। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने उपस्थित सभी का अभिवादन कर सभा के महत्वपूर्ण उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए नगर में शांति और सुव्यवस्था के लिए तीन प्रमुख एजेंडों पर लोगों का सहयोग, समर्थन और सुझाव मांगा। जिसमें पहला नगर की बड़ी समस्या मुख्य सार्वजनिक स्थानों पर बढ़ते नशाखोरी पर चिंता जाहिर करते हुए नगर के प्रसिद्ध धार्मिक और पुरातात्विक स्थल बालसमुंद के किनारे तथा सिद्धेश्वर मंदिर प्रांगण के आसपास नशाखोरी पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव और सुझाव मांगा। दूसरा नगर में व्यापक रूप से उपयोग में लाए जा रहे प्लास्टिक और डिस्पोजल से नगर में फैल रही गंदगी और कचरे के ढेर से उत्पन्न बीमारियों और पर्यावरण में व्याप्त प्रदूषण से लोगों के जनजीवन और खेती को हो रहे नुकसान से बचने प्लास्टिक डिस्पोजल पर प्रतिबंध लगाने का ▸▸ शेष पेज 13 पर




### अर्थदंड लगाये जाने का प्रस्ताव

थाना प्रभारी हेमंत पटेल ने भी उपस्थित नागरिकों से कहा कि अपने बच्चों को नशे की लत से दूर रखें और उन्हें नशे की हालत में वाहन चलाने से रोके, साथ ही उन्होंने जनप्रतिनिधियों से विनम्रतापूर्वक आग्रह किया कि नशापान करने वालों पर कार्यवाही होने से न रोके और ना ही ऐसे लोगों को सहयोग करें। उपस्थित सभी लोगों ने इस बात पर सहमति जताई कि शराब पीने वाले हमारे नगर के प्रमुख तालाबों के किनारे तट को नशाखोरी का अड्डा बना लिये हैं, जिससे भारी मात्रा में तालाब के पार और तालाबों के अंदर प्लास्टिक कचरे का ढेर इकट्ठा हो गया, जिस पर प्रतिबंध लगाना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिये नगर अध्यक्ष गोपी साहू ने विधिसम्मत कार्यवाही करते हुए निर्धारित शुल्क के साथ अर्थदंड लगाये जाने का भी प्रस्ताव दिया और तीन महीने के बाद किए गई कार्यवाही कार्यों का समीक्षा बैठक करने का प्रस्ताव दिया, जिसे सभी ने अनुमोदित किया।

## समीक्षा : अब तक 66288 मीट्रिक टन धान का उठाव किया गया

# जिले के 148 उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार




कलेक्टर दीपक सोनी ने शनिवार को संपर्क केन्द्र से समिति प्रबंधकों एवं ऑपरेटर्स की ऑनलाइन बैठक लेकर धान खरीदी की समीक्षा की। उन्होंने किसानों द्वारा धान बेचने के उपरांत शेष रकबे का अनिवार्यतः समर्पण कराने तथा उपार्जन केंद्रों से धान उठाव में तेजी लाने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने कहा कि किसानों से रकबा समर्पण और फोटो अपलोडिंग में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हर समिति से रकबा समर्पण की प्रतिदिन रोपोर्ट दें। वास्तविक किसानों के रकबे में उपज के अनुसार खरीदी करें, अतिरिक्त रकबे का समर्पण कराएं। उन्होंने अपडेट फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी रकबे की प्रविष्ट किसान के खाते में किया जाए ताकि किसानों को धान बेचने में दिक्कत न हो। इसी तरह समितियों में माइक्रो एटीएम का उपयोग बढाकर किसानों को नगद आहरण की सुविधा देने कहा। सभी उपार्जन केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में बारदाना की उपलब्धता एवं बारिश से धान को सुरक्षित रखने के उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।उन्होंने अगले सोमवार से सरना धान के उठाव के लिये डीओ जारी करने कहा। बताया गया कि जिले के 148 उपार्जन केंद्रों से धान उठाव शुरू हो गया जबकि 154 केंद्रों का डीओ जारी हुआ है तथा शेष 12 केंद्रों का भी डीओ जल्द जारी होगा। अब तक 66288 मीट्रिक टन धान का उठाव हुआ है एवं 34687 किसानों का 593 हेक्टेयर रकबा समर्पण हुआ है।

### सुशासन सप्ताह शिविर में 191 आवेदनों का मौके पर निराकरण

बलौदाबाजार। राज्य शासन के निर्देशानुसार सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव की ओर अभियान अंतर्गत कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में जिले के चिन्हांकित पंचायतों एवं नगरीय निकायों में शिविर आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को आयोजित शिविर में प्राप्त 240 आवेदनों में से 191 आवेदनों का शिविर स्थल में ही निराकरण किया गया। निराकरण के लिये शेष 49 आवेदनों का शीघ्र निराकरण के निर्देश दिये गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिविर के विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम पंचायत मरदा में 22, भाटापारा अंतर्गत ग्राम पंचायत अमलीडीह में 39 आवेदन प्राप्त हुए और सभी का निराकरण किया गया। सिमगा अंतर्गत ग्राम पंचायत हथबंद में 83 में से 60, पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत मुड़पार में 66 में से 60 एवं कसडोल अंतर्गत ग्राम पंचायत बोरसी में 30 में से 10 आवेदनों का निराकरण किया गया। शिविर में सभी विभागों के द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी आमजनों को दी गई तथा आवेदन भी लिये गए। इसके साथ ही पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित भी किया गया।



# चैन लूट का आरोपी पकड़ाया, दूसरा फरार



हरिभूमि न्यूज ▸▸| पलारी

ग्राम सर्रा में एक वृद्ध महिला के गले से सोने की चैन लूटकर महाराष्ट्र फरार हुए आरोपी को पुलिस ने मशक्कत के बाद गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गया आरोपी रमेश पाटिल महाराष्ट्र का रहने वाला है, जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर हिरासत में लिया।

- पुलिस ने आरोपी को महाराष्ट्र में दबोचा, धूप में बैठी महिला के गले से चैन लूटकर भागे थे

घटना 15 नवंबर की है, जब ग्राम सर्रा निवासी शिवकुमार वर्मा की मां घर के बाहर बने चौरा में बैठकर धूप सेक रही थीं। इसी दौरान मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात युवक वहां पहुंचे और वृद्ध महिला के गले से 90 हजार मूल्य ▸▸ शेष पेज 13 पर

### मोटरसाइकिल के सुराग से महाराष्ट्र तक पहुंची पुलिस

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना पलारी पुलिस ने जांच शुरू की। घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल के विवरण के आधार पर पुलिस उसके मालिक तक पहुंची। पूछताछ में पता चला कि आरोपी रमेश पाटिल ने अपने चचेरे भाई से यह मोटरसाइकिल मांगी थी और बिना बताए उसे लेकर सूरत और फिर छत्तीसगढ़ आ गया था। पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और सूचना तंत्र की मदद से आरोपी की लोकेशन महाराष्ट्र में ट्रैक की। पुलिस ने आरोपी रमेश पाटिल 50 वर्ष निवासी ग्राम लोहागढ़ धुले, महाराष्ट्र को हिरासत में लेकर पूछताछ की। आरोपी ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर लूट की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया है। 19 दिसंबर को आरोपी को पलारी लाया गया, जहां से उसे न्यायालय भेजा गया।

# 30 क्विंटल अवैध धान और पिकअप जब्त



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कसडोल

छत्तीसगढ़ में धान खरीदी के सीजन के बीच अवैध धान के परिवहन और भंडारण पर प्रशासन की पैनी नजर है। इसी कड़ी में जिले के कसडोल क्षेत्र में राजस्व विभाग और मंडी समिति की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से ले जाए जा रहे 30 क्विंटल धान को पिकअप वाहन सहित जब्त किया है।

जानकारी के अनुसार 16 दिसंबर को ग्राम मटिया की ओर धान लेकर जा रहे एक पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 22 एक्स 6096 को संदेह के आधार पर रोका गया। बताया जा रहा है कि यह धान निर्मल ग्राम पंचायत बैजनाथ निवासी मोहन साहू जो देव ट्रेडर्स किराना दुकान से संबंधित है, जो बिना किसी वैध दस्तावेज के धान का परिवहन कर रहे थे।

मंडी कर्मचारियों की सूचना पर तहसीलदार युवराज कुर्रे, पटवारी और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम तुरंत हरकत में आई। वाहन को रोककर जब कागजातों की मांग की गई, तो चालक या संबंधित व्यक्ति कोई भी वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सका। दस्तावेज न होने की स्थिति में प्रशासन ने मंडी अधिनियम 1972 के तहत पंचनामा तैयार कर कार्रवाई की। जब्त किए गए 30 क्विंटल धान और पिकअप वाहन को सुरक्षित अभिरक्षा के लिए कृषि उपज मंडी कसडोल में रखवाया गया है। संबंधित व्यापारी के विरुद्ध नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# मुरुम उत्खनन में लगे चार हाईवा और एक पोकलेन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सुहेला

ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों की लगातार शिकायतों के बाद आखिरकार खनिज विभाग ने ग्राम नवापारा में लंबे समय से चल रहे अवैध मुरुम उत्खनन पर बड़ी कार्रवाई की है। खनिज विभाग के अधिकारी विजय सोनवानी, बसंत बर्मन एवं तिवारी ने मौके पर पहुंचकर अवैध उत्खनन में संलिप्त चार हाईवा वाहन एवं एक पोकलेन मशीन को जब्त किया। जब्त पोकलेन को गांव के कोटवार के सुपुर्दनामा में सौंपा गया है, जबकि चारों हाईवा वाहनों को थाने में सुपुर्द किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में काफी लंबे समय से अवैध रूप से मुरुम उत्खनन और उसका परिवहन किया जा रहा था। कई बार ▸▸ शेष पेज 13 पर



# गौरीशंकर अग्रवाल को भागवत कथा में शामिल होने का न्योता

**सेल**। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल से शत्रुहन रात्रे, मयंक भारद्वाज तथा ग्राम पंचायत- टेमरी सरपंच तानसेन चतुर्वेदी, उपसरपंच नेहरू ध्रुव, जगमोहन घृतलहरे, राजेश नवरंगे, तोषराम साहू, योगेश पटेल ने सौजन्य भेंट की। ग्राम पंचायत सलौनी में 21 से 28 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले संगीतमय श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह एवं 30 दिसम्बर को ग्राम पंचायत टेमरी में आयोजित गुरु घासीदास जयंती एवं मड़ई मेले में शामिल होने आमंत्रण दिया।



जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।



## खबर संक्षेप

### गणेश सिंह बने अभा राष्ट्रीय आदिवासी कांग्रेस के संयोजक और उडीसा के प्रभारी

**भाटापारा।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिका अर्जुन खरगे, लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विक्रांत भूरिया की



अनुशंसा पर राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल द्वारा अखिल भारतीय राष्ट्रीय आदिवासी कांग्रेस के संयोजक पद पर व उडीसा प्रदेश के प्रभारी के रूप में गणेश सिंह ध्रुव की नियुक्ति आदेश जारी किया गया है। छत्तीसगढ़ के भाटापारा से कांग्रेस पार्टी के एक छोटे से पार्टी कार्यकर्ता को केन्द्रीय नेतृत्व द्वारा विश्वास जताते हुए अखिल भारतीय राष्ट्रीय आदिवासी कांग्रेस के समन्वयक व उड़ीसा प्रदेश प्रभारी के रूप में नियुक्त किया गया है। नियुक्ति आदेश पर छग के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत, राज्य सभा सांसद फूलो देवी नेताम, पूर्व मंत्री डॉ. प्रेमसाय टेकाम, डॉ. शिव कुमार डहरिया, अमरजीत भगत, अनिला भेडिया, मोहम्मद अकबर, उमेश पटेल व विधायक जनकराम ध्रुव, इन्द्र साव आदि ने इस नियुक्ति पर उन्हें बधाई।

### छात्रों ने सब्जी बेचकर सीखा लेनदेन का तरीका



**पलारी।** ग्राम पंचायत बिनौरी के प्राथमिक स्कूल के बच्चों ने हटरी पाठ विषय के तहत हटरी बाजार लगाकर क्रय विक्रय करना सीखा। विद्यार्थियों ने बाजार में लौकी, मूली, टमाटर, सेमी, बरबट्टी, धनिया पत्ती, मिर्च, अदरक आदि सामानों की बिक्री की, ग्रामीणों ने बच्चों से खरीदारी की ही साथ शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी की खरीदारी की। सरपंच प्रतिनिधि सनकुमार साहू ने बच्चों से खरदारी कर उनका हौसला बढ़ाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पढ़ाई लिखाई के साथ साथ व्यवसाय की जानकारी मिलती है, वहीं पढ़ लिखकर जीवन में आगे बढ़ने का अनुभव मिलता है। इस अवसर पर पंच प्रतिनिधि रामकुमार साहू, मनी यादव, नंदिनी टिकरिहा, प्रधान पाठक धनेश्वरी जांगड़े, थानसेन कुर्रे, परमेश्वरी ठाकुर, विमलेश्वरी ध्रुव सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

### टूरीडीह में बाबा गुरु घासीदास जयंती कल

**झलप।** ग्राम टूरीडीह में सतनाम धर्म के प्रवर्तक बाबा गुरु घासीदास की 269वी जयंती 22 दिसंबर सोमवार को बड़े ही धूमधाम से मनाई जाएगी। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए ग्राम प्रमुख फगुवा राम चौलिक ने बताया कि बाबा गुरु घासीदास के 7 उपदेश एवं 42 वाणियों को प्रचारित करते हुए अखाड़ा दल भोरिंग एवं पंथी पार्टी बरेकेल कला की अगुवाई में शोभायात्रा निकाली जाएगी। ग्राम प्रमुख फगुवा राम चौलिक ने उक्त कार्यक्रम में क्षेत्र वासियों को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई है।

### शराब पीने की सुविधा उपलब्ध करा रही महिला पर हुई कार्रवाई

**महासमुंद।** चखना दुकान में लोगों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध करा रही एक महिला के खिलाफ सिटी कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि पेट्रोल पंप के सामने अपने चखना दुकान में एक महिला आने जाने वाले लोंगों को बिठाकर शराब पीने की सुविधा उपलब्ध करा रही है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने चखना दुकान संचालक सेवती बाई सूर्यवंशी पति स्व. किशन लाल सूर्यवंशी वार्ड नं. 20 महासमुंद के धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### इलेक्ट्रिक स्कूटर से शराब परिवहन, दो गिरफ्तार

**महासमुंद।** इलेक्ट्रिक स्कूटर से अंग्रेजी शराब का परिवहन कर रहे दो लोगों को सरायपाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

# नए जैन मंदिर में पंचकल्याणक महोत्सव की तैयारी जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय स्थित नए जैन मंदिर में आयोजित होने वाले पंचकल्याणक महा महोत्सव की तैयारियां उत्साह और श्रद्धा के साथ प्रारंभ हो चुकी हैं। मंदिर शुभारंभ के अंतर्गत इस महोत्सव की श्रृंखला में सर्वप्रथम भगवान की बेदी का विधिवत शिलान्यास किया गया। इसके साथ ही महोत्सव के दूसरे चरण में इंद्र-इंद्राणी एवं धनपति कुबेर सहित विभिन्न देव पदों के माध्यम से देव भूमिका का निर्माण किया गया, जिसका सौभाग्य जैन समाज के धर्मप्रेमी परिवारों को प्राप्त हुआ। पंचकल्याणक महोत्सव में इंद्र और इंद्राणी बनकर भगवान के जन्म, दीक्षा, तप, ज्ञान एवं मोक्ष की क्रियाओं में सहभागी बनने का अवसर अत्यंत दुर्लभ माना जाता है। यह सेवा न केवल वर्तमान जीवन के लिए, बल्कि आत्मा के अनंत कल्याण का कारण बनती है। इंद्र-इंद्राणी जैसे पवित्र पद प्राप्त करने वाले सौभाग्यशाली परिवारों का नाम उनके वंश के साथ स्वर्णिम अक्षरों में अंकित होता है।

## देव पदों का वितरण, सामाजिक सदस्यों को मिला दुर्लभ धार्मिक सौभाग्य

### प्रथम सौधर्म इंद्र का पद दिनेश कुमार को प्राप्त हुआ

इस अवसर पर प्रथम सौधर्म इंद्र का पद दिनेश कुमार निश्चल जैन छाबड़ा को प्राप्त हुआ। इस संबंध में समाज के पूर्व अध्यक्ष दिनेश जैन ने बताया कि यह सौभाग्य उनके पुत्र निश्चल द्वारा किए गए धर्मदान से प्राप्त हुआ है। द्वितीय ईशान इंद्र बनने का सौभाग्य रमेश कुमार एवं रितेश कुमार जैन छाबड़ा परिवार को मिला। तृतीय सनत कुमार इंद्र का पद महेंद्र कुमार एवं मयूर जैन छाबड़ा परिवार के साथ ही इंदौर के राज टोंगिया परिवार को प्राप्त हुआ। चतुर्थ महेंद्र इंद्र बनने का अवसर समाज के अध्यक्ष संजय जैन पाटनी एवं श्रेयांश जैन पाटनी परिवार को मिला। वहीं, महायज्ञ नायक बनने का सौभाग्य प्रीति जैन पाटनी मुंबई को प्राप्त हुआ। यज्ञ नायक का पद जैन समाज के संरक्षक एवं धार्मिक परिवार पदमचंद जैन, नितिन जैन एवं निक्की जैन छाबड़ा परिवार को प्रदान किया गया। इसके पश्चात धनपति कुबेर बनने का सौभाग्य समाज के संरक्षक एवं सदैव धर्म कार्यों में अग्रणी रहने वाले इंद्र कुमार, नरेंद्र कुमार एवं अनीष जैन छाबड़ा परिवार को मिला। इन सभी परिवारों ने अपनी आस्था और भावना भगवान के चरणों में अर्पित करते हुए इस महोत्सव को भव्य एवं दिव्य स्वरूप देने का संकल्प लिया।



### 30 जनवरी से 4 फरवरी तक कार्यक्रम

जैन समाज के अध्यक्ष संजय पाटनी एवं सचिव अमित जैन ने अपनी पूरी कार्यकारिणी के साथ बताया कि पंचकल्याणक महा महोत्सव का आयोजन 30 जनवरी से 4 फरवरी के मध्य संपन्न होगा। इसकी तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। उन्होंने समस्त जैन समाज सहित बलौदा बाजार के नागरिकों से इस पावन आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में पधारकर धर्म लाभ लेने का आग्रह किया है।

श्री राम कथा के द्वितीय दिवस उमड़ा सैलाब, शिव-पार्वती विवाह प्रसंग से भाव विभोर हुए श्रद्धालु

# भगवान शिव कल्याण के प्रतीक है और माता पार्वती शक्ति की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर के दशहरा मैदान में स्व. सोनचांद वर्मा स्मृति फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित भव्य सप्तदिवसीय श्रीराम कथा के दूसरे दिन श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा की विशेष उपस्थिति में आयोजित इस धार्मिक आयोजन में हजारों की संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े और कथा श्रवण कर भावविभोर हो उठे। अयोध्या धाम से पधारीं देवी श्री चंद्रकला ने व्यासपीठ से भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह का अत्यंत सजीव, मार्मिक और भावपूर्ण वर्णन किया। उनकी अमृतवाणी से पूरा पंडाल शिव-शक्ति की भक्ति में सराबोर हो गया। दीदी ने अपने प्रवचन में कहा कि भगवान शिव कल्याण के प्रतीक हैं और माता पार्वती शक्ति की। जब शक्ति और कल्याण का मिलन होता है, तभी लोककल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है। उनके प्रवचनों ने श्रद्धालुओं के हृदय को छू लिया।

इस अवसर पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा कथा के मुख्य आयोजक के साथ-साथ एक भक्त के रूप में भी नजर आए। उन्होंने सपरिवार व्यासपीठ का पूजन कर दीदी देवी श्री चंद्रकला एवं देवी श्री शिवशंकर से आशीर्वाद प्राप्त किया। कथा के दौरान मंत्री आम श्रद्धालुओं के बीच बैठकर राम कथा का श्रवण करते दिखे, जिससे उनकी गहरी धार्मिक आस्था और सरल व्यक्तित्व का परिचय मिला। मंत्री वर्मा ने कहा कि स्व. पिताजी की स्मृति में आयोजित यह श्रीराम कथा पूरे क्षेत्र को संस्कारित करने और सनातन मूल्यों को सुदृढ़ करने का एक प्रयास है। श्री राम के आदर्शों और भगवान शिव के वैराग्य से जीवन को नई दिशा और ऊर्जा प्राप्त होती है। कथा के दौरान महादेव की अनूठी और विचित्र बारात का प्रसंग विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। भूत-प्रेत, नंदी और देवताओं के साथ शिव बारात का वर्णन सुनते ही वातावरण उल्लास से भर उठा।



सुंदर झांकियों और भजनों की प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। मानस कोकिला के भजनों पर मंत्री टंकराम वर्मा सहित समस्त श्रद्धालु भाव-विभोर होकर तालियां बजाते नजर आए। आयोजकों की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु विशाल डोम, पेयजल, चिकित्सा सहायता एवं सुगम आवागमन की उत्तम व्यवस्था की गई है। नगर के वरिष्ठ नागरिकों और धर्म प्रेमियों ने इस सफल आयोजन के लिए मंत्री श्री वर्मा एवं फाउंडेशन की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

द्वितीय दिवस की कथा के विश्राम पर भव्य महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर आरती उतारी। इसके पश्चात श्रद्धालुओं को विधिवत महाप्रसाद का वितरण किया गया।

सप्तदिवसीय श्री राम कथा के तीसरे दिन श्री राम जन्मोत्सव का पावन प्रसंग सुनाया जाएगा। फाउंडेशन ने नगरवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस दिव्य आयोजन का पुण्य लाभ प्राप्त करें।

# भटगांव-सरसीवा बायपास मुद्दे पर केंद्रीय मंत्री से मिली सांसद कमलेश जांगड़े



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

इन दिनों क्षेत्र में चर्चित ज्वलंत मुद्दा भटगांव और सरसीवा बायपास है। गौरतलब हो कि रायपुर-बलौदाबाजार-सारंगढ़ 186 किमी प्रस्तावित फोरलेन का डीपीआर तैयार हो गया है, लेकिन भटगांव और सरसीवा के लोग अब भी बायपास की मांग को लेकर डटे हुए हैं। इसी तारतम्य में जांजगीर-चांपा लोकसभा सांसद कमलेश जांगड़े को बायपास मांग के संबंध में भटगांव व सरसीवा नगरवासियों द्वारा पुनः निवेदन किए, इसके बाद जांगड़े ने दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय मंत्री के समक्ष भटगांव एवं सरसीवा में बाईपास के संबंध में चर्चा कर नगरवासियों एवं व्यापारियों के हितों को लेकर मंत्री को अवगत कराया। मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल दिशा निर्देश दिए और मांगों पर पूर्ण आश्वासन दिया।

बता दें कि पूर्व में भी इस मुद्दे को लेकर सांसद जांगड़े मंत्री से मिल चुकी है, इसके बाद मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए थे। यह बात नगर में सोशल मीडिया के माध्यम से पहुंचते ही व्यापारी वर्ग और आम नागरिकों ने सांसद के प्रति आभार जताया।



# विज्ञान दिवस पर व्याख्याता कार्यशाला हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

शाश्वत स्कूल, भाटागांव में राष्ट्रीय गणित एवं विज्ञान दिवस पर एक दिवसीय व्याख्याता कार्यशाला का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी जिला संजय गुहे के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला समन्वयक रामावतार वर्मा ने किया। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञों मोहन चंद्राकर व्याख्याता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुम्हारी रायपुर, वर्षा शर्मा व्याख्याता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवापारा, संतोष पटेल व्याख्याता सेजस बोरसी कसडोल, आशीष कुमार तिवारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अहिल्दा के अलावा रविकांत वर्मा, गिरीश पटेल, गिरीश साहू, केशव पटेल, रूपनारायण साहू, लोकेश कुमार गुप्ता, हेमंत साहू, निधि शुक्ला गीता कश्यप, परमानंद ठाकुर, संतोष डड़सेना, कृष्ण कुमार वर्मा आदि लगभग 100 व्याख्याताओं की उपस्थिति में विभिन्न विषयों पर व्याख्यान दिए गए, जिनमें गणित और विज्ञान के नवीनतम विकास और उनके अनुप्रयोगों पर चर्चा की गई। साथ ही पूर्व सहायक जिला शिक्षा अधिकारी बीआर पटेल का सम्मान समारोह किया गया।

# नवीन पाठ्यपुस्तक के लिए शिक्षकों ने लिया प्रशिक्षण



**सुहेला।** संकुल स्त्रोत केंद्र एवं जोन सुहेला में विकासखंड स्तरीय पांच दिवसीय नवीन पाठयपुस्तक आधारित शिक्षक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में नवीन पाठ्यपुस्तक, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, एनसीएफ 2022 एवं एफएस पर चर्चा एवं प्रशिक्षण दिया गया। इसके अंतर्गत प्रशिक्षण लेने वाले शिक्षकों को विद्यालय के लिए 26 सप्ताह कार्यक्रम एवं बच्चों का आकलन किस पर किया जाएगा विस्तार पूर्वक बतलाया गया। नवीन पाठयपुस्तक आधारित प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस में सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी सीएस ध्रुव एवं बीआरसी किरण कुमार वर्मा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के संबंध में प्रशिक्षण की उपयोगिता, नवीन पाठ्यपुस्तक आधारित शिक्षक प्रशिक्षण क्यों और किसलिए एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं बच्चों के प्रति हमारी क्या जिम्मेदारी है बताया गया। मास्टर ट्रेनर संजीव कुमार कुल्हाडे एवं परसराम ध्रुव द्वारा प्रशिक्षण को रोचक और सारगर्भित तरीकों से बताया गया। इसमें प्रशिक्षणार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया नवीन पाठ्यपुस्तक प्रशिक्षण प्रभारी शंभु कुमार सिंह संकुल समन्वयक सुहेला द्वारा प्रशिक्षण हेतु पर्याप्त व्यवस्था की गई, जिससे प्रशिक्षार्थियों द्वारा व्यवस्था के लिए प्रभारियों के प्रति आभार जताया गया।

# महिला से छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

गिधपुरी थाना क्षेत्र के ग्राम सुन्दरावन में एक महिला की अस्मत से खिलवाड़ करने का मामला सामने आया है। घर में अकेलेपन का फायदा उठाकर छेड़खानी करने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार, घटना उस वक्त हुई जब पीड़िता के घर के सदस्य काम पर बाहर गए हुए थे और महिला घर में अकेली थी। इसी दौरान गांव का ही आरोपी नंदू धीमर 30 वर्ष नीयत खराब कर दीवार फांदकर घर के भीतर दाखिल हो गया। आरोपी ने जबरन महिला का हाथ पकड़ लिया और उसके साथ अश्लील हरकतें करते हुए उसे खींचकर बाथरूम की ओर ले जाने लगा।

### पड़ोसियों के आने पर भागा आरोपी

महिला ने जब हिम्मत दिखाते हुए शोर मचाना शुरू किया, तो उसकी आवाज सुनकर पड़ोसी मदद के लिए दौड़ पड़े। लोगों को आता देख आरोपी नंदू धीमर मौके से भाग खड़ा हुआ। इसके बाद पीड़िता ने तत्काल गिधपुरी थाना पहुंचकर आपबीती सुनाई और मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना प्रभारी संदीप बंजारे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बिना वक्त गंवाए दबिश दी और आरोपी को धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 354 के तहत मामला दर्ज और आरोपी नंदू धीमर को न्यायालय में पेश किया, जहां उसे न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया है।



# अवैध कटाई व वन्यप्राणी शिकार के मामलों में पांच गिरफ्तार

**पिथौरा (ग्रामीण)।** वन परिक्षेत्र पिथौरा अंतर्गत कक्ष क्रमांक 206 सोहागपुर में वृक्षों की अवैध कटाई, वन अधिकार मान्यता अधिनियम अंतर्गत प्राप्त पट्टाशुदा भूमि पर नया अतिक्रमण, जंगल के भीतर डबरी में मछली पकड़ने के लिए जाल डालने तथा विद्युत तार प्रवाहित करने के आरोप में रामाधीन पिता ठेल सिंह (जाति गोड़), ढोमसिंह पिता बलीराम एवं संतोष पिता बलीराम को गिरफ्तार किया गया है। तीनों आरोपियों के विरुद्ध वन्यप्राणी (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धारा 51 सहपठित धारा 9 एवं 2(16)(ए)(बी), भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 33 तथा लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम 1984 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। इसी प्रकार सांकरा सर्किल के बड़े टेमरी (कक्ष क्रमांक 258) में सियार का फंदा लगाकर शिकार कर ले जाते हुए फागूलाल पिता बृजलाल (शिकारी) एवं कुमार पिता मंगलू पारधी को पकड़ा गया।

### नगरसभा में नशाखोरी...

प्रस्ताव देते हुए अध्यक्ष गोपी साहू ने समाज के प्रतिनिधियों से आग्रह करते हुए कहा कि यदि हम अपने सामाजिक कार्यक्रमों जैसे विवाह, जन्मदिन या शोक के कार्यक्रमों में आयोजित भोज में डिस्पोजल गिलास, पत्तल की जगह कागज के प्लेट या गिलास का उपयोग करें तथा व्यापारियों से भी निवेदन करते हुए कहा कि अपने दुकानों में यदि प्लास्टिक डिस्पोजल झिल्ली की जगह जुट या कागज का उपयोग करें तो डिस्पोजल प्लास्टिक से मुक्ति मिल सकती है। तीसरा प्रस्ताव देते हुए उन्होंने कहा कि नगर की हरियाली, वातावरण और पर्यावरण को स्वच्छ बनाने किसी भी निजी या सार्वजनिक समारोहों में एक पेड़ अवश्य लगायें और उनका संवर्धन जरुर करें ताकि नगर में पर्यावरण की सुरक्षा हो सकें। तीनों प्रस्तावों पर उपस्थित प्रमुखों ने बारी-बारी से कई महत्त्वपूर्ण सुझाव दिये और उपस्थित लोगों ने सर्वसम्मति से एक साथ दोनों हाथ उठाकर तीनों प्रस्तावों का समर्थन देने और सहयोग करने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने पहली बार नगर हित में किए गए नागरिकों की बैठक के लिए नगर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और समस्त पार्षदों के अभिनव प्रयास की प्रशंसा करते हुए नगर के विकास और जनहित के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिये, जिसमें खइया तालाब में पानी भरने हेतु उचित व्यवस्था, मुक्तिधाम की नियमित साफ सफाई, बच्चों और युवाओं के खेल की व्यवस्था, गली मोहल्लों में अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने, गार्डनों का समुचित रख रखाव जैसी अनेक सुझाव दिये गये, जिनका प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने का आश्वासन नगर अध्यक्ष गोपी साहू ने दिया। बैठक में वरिष्ठ योगेश चंद्राकर, विपिन बिहारी वर्मा, हितेन्द्र ठाकुर, खिलेंद्र वर्मा, इंद्रदेव वर्मा, नंदू वर्मा, ललित गायकवाड़, थाना प्रभारी हेमंत पटेल, बीएमओ पंकज वर्मा, धनेश वर्मा, झड़ीराम कन्नौजे, आदि ने आवश्यक और महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए नगर सभा के आयोजन की प्रशंसा की। आभार नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा ने किए। बैठकर में पार्षदगण लेखु वर्मा, नेमसिंह बांधे, प्रतिभा धीरहे, कुमार धीवर, नारायण धीवर, लुकेश्वरी निषाद, मंजू, कृष्णा देवांगन, बंटी वर्मा, सुभाष वर्मा भूषण यादव, खेलन बाई वर्मा, रवि ध्रुव, डोमार सिंह वर्मा, झड़ी राम कन्नौजे, बृजमोहन साहू, डाक्टर धीवर,मनीष चंद्राकर सहित नगर के सामाजिकगण, गणमान्य नागरिक भारी संख्या में उपस्थित थे।

पेज 11 के शेष

### चैन लूट का...

की सोने की चैन झपटकर फरार हो गए। महिला के शोर मचाने पर ग्रामीणों ने पीछा किया, जिससे डरकर आरोपी अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक एमएच 18 सीजे 1976 को ग्राम गोड़ा के पास एक खेत में छोड़कर भाग निकले।

**एक आरोपी अब भी फरार** – इस मामले में पुलिस ने धारा 304(1), 3(5) के तहत मामला दर्ज किया है। गिरफ्तारी के दौरान मुख्य आरोपी रमेश पाटिल पकड़ा गया है, जबकि उसका एक साथी अभी भी फरार है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### मुरुम उत्खनन में...

शिकायत किए जाने के बावजूद जब कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तब मजबूर होकर ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों से शिकायत की। जनप्रतिनिधियों के हस्तक्षेप के बाद खनिज विभाग को सूचना दी गई, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई।
जनपद पंचायत सिमगा के अध्यक्ष दौलतपाल, सरपंच डोमार मारकंडे, उपसरपंच लोकनाथ वर्मा, सागर वर्मा, राजेश ध्रुव, सुनील वर्मा, केदार वर्मा, हालदार तिवारी, मनोहर निषाद, टेकराम निषाद, धन्नु देवांगन, विश्वेश्वर सिंह पाल, रामपाल सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम नवापारा निवासी सूर्या वर्मा द्वारा भोलाराम कुमार वर्मा की भूमि को खेत बनाने के नाम पर लंबे समय से अवैध उत्खनन किया जा रहा था। इसके अलावा सूर्या वर्मा द्वारा स्वयं की और परिवारजनों की भूमि सहित अन्य दो स्थानों पर भी अवैध खुदाई कराई गई है। ग्रामीणों के अनुसार एक स्थान नरवा क्षेत्र से लगा हुआ है, जबकि दूसरा स्थान सिंचाई विभाग की नहर से सटा हुआ है। इन तीनों स्थानों को मिलाकर लगभग तीन से चार एकड़ भूमि में पांच से सात फीट गहराई तक खुदाई कर मुरुम निकाला गया और उसका अवैध रूप से परिवहन किया गया। जब संबंधित भूमि की खनन लीज के संबंध में पूछताछ की गई, तो किसी प्रकार के वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए, जिसके चलते खनिज विभाग को कार्रवाई करनी पड़ी। लंबे समय तक चले इस अवैध उत्खनन के कारण शासन को लाखों रुपये के राजस्व नुकसान का अनुमान है। अवैध उत्खनन और भारी वाहनों की आवाजाही से गांव की कच्ची सड़कें अत्यधिक जर्जर हो गई हैं, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।
जनपद पंचायत सिमगा अध्यक्ष दौलतपाल ने कहा कि ग्राम नवापारा में लंबे समय से अवैध उत्खनन की शिकायतें मिल रही थी। इससे शासन को राजस्व की क्षति के साथ-साथ ग्रामीणों को भी भारी नुकसान हो रहा था। भविष्य में ऐसे अवैध कार्य किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। ग्राम नवापारा के सरपंच डोमार मारकंडे ने कहा कि अवैध उत्खनन से गांव की सड़कें खराब हो गई थीं और ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था।
जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की एकजुटता से यह कार्रवाई संभव हो सकी है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि आगे भी लगातार निगरानी रखी जाए ताकि दोबारा अवैध उत्खनन न हो। इस संबंध में जिला खनिज अधिकारी अवधेश सिंह बारिक ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत पर ग्राम नवापारा में सूर्या वर्मा द्वारा किए जा रहे अवैध उत्खनन के मामले में कार्रवाई करते हुए चार हाइवा एवं एक पोकलेन जब्त किया गया है। आगे भी शिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### आत्मानंद स्कूल में...

दिनेश कुमार साहू ने बताया कि इस शिविर के दौरान विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत गांव के ग्रामीणों के बीच रहकर स्वच्छता साक्षरता के प्रति जागरूक कर लोगों के बीच एकता का संदेश देंगे। इसके साथ-साथ बच्चों द्वारा इकाई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं स्वास्थ्य विभाग एवं मितानिन आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहेगा।

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
20 दिसम्बर 2025
SHOW TIME
धुरंधर
शो समय - 12:00, 3:00, 6:00, 9:00 PM
दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी
शो समय - 12:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# जब धरती पर अधर्म और अहंकार बढ़ता है तब भगवान लेते हैं अवतार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| लवन

नगर के राधे-राधे महिला स्व-सहायता समूह के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन भक्ति की बयार बही। 15 दिसंबर से जारी इस आध्यात्मिक आयोजन में कथावाचक पंडित मनोज तिवारी ने श्रीराम और श्रीकृष्ण जन्म की विस्तार से व्याख्या की। जैसे ही भगवान का जन्म हुआ पूरा पंडाल नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा। कथा के दौरान पंडित मनोज तिवारी ने श्रीराम और श्रीकृष्ण के प्रसंग को सुनाते हुए कहा कि जब-जब धरती पर अधर्म और अहंकार बढ़ता है तब-तब भगवान अवतार लेते हैं। उन्होंने राजा बलि के त्याग और भगवान की महिमा बताते हुए श्रोताओं को अहंकार से दूर रहने की सीख दी।

## भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर नंद घर आनंद भयो के जयकारों से गूंजा कथा पंडाल

### भक्तिमय हुआ वातावरण

शाम के सत्र में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का प्रसंग आते ही श्रद्धालु भावविभोर हो गए। कान्हा के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विशेष झांकी सजाई गई और भजनों पर महिलाएं जमकर थिरकीं। फूलों की वर्षा और बधाई गीतों के साथ वातावरण पूरी तरह कृष्णमय हो गया।





## भगवान भाव के भूखे हैं, प्रेम और समर्पण ही सच्ची भक्ति : अनन्या शर्मा



हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिरमी-रावन

समीपस्थ ग्राम सकलोर में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ में विदुषी कथा व्यास सुश्री अनन्या शर्मा ने कथा में श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कथा के दौरान उन्होंने गजेन्द्र मोक्ष, समुद्र मंथन, भक्त अमरीश, वामन अवतार सहित अनेक पौराणिक प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा की शुरुआत में गजेन्द्र मोक्ष प्रसंग के माध्यम से उन्होंने बताया कि जब जीव अहंकार त्यागकर पूर्ण शरणागति में परमात्मा को पुकारता है, तब भगवान स्वयं नंगे पांव दौड़कर भक्त की रक्षा करने आते हैं। समुद्र मंथन के आध्यात्मिक अर्थ को स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा कि जीवन में अमृत की प्राप्ति के लिए विकारों का मंथन आवश्यक है। भक्त अमरीश के प्रसंग से भक्ति की शक्ति और एकादशी व्रत की महिमा पर प्रकाश डाला गया। भगवान विष्णु के वामन अवतार की कथा में उन्होंने बताया कि भगवान ने तीन पग में ही राजा बलि के अहंकार को माप लिया और उन्हें सुतल लोक का राज्य प्रदान किया। कथा का सबसे भावुक क्षण मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम और पूर्ण पुरुषोत्तम भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्य उत्सव का रहा। जैसे ही व्यास पीठ से भगवान के जन्म की घोषणा हुई, पूरा पंडाल नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयघोष से गूंज उठा। फूलों की वर्षा, ढोल-नगाड़ों और भजन-कीर्तन के साथ कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। धर्म की व्याख्या करते हुए सुश्री शर्मा ने कहा कि धर्म केवल कर्मकांड नहीं, बल्कि सत्य और कर्तव्य के मार्ग पर चलना है। भगवान भाव के भूखे हैं, वे केवल प्रेम और समर्पण देखते हैं, इसलिए हमें अपने अहंकार को प्रभु चरणों में अर्पित करना चाहिए। कथा स्थल पर स्व. अयोध्या प्रसाद वर्मा एवं माताजी स्व. सुरूज बाई वर्मा की स्मृति में दो बरगद के पौधे कथावाचिका के हाथों रोपित किए गए। आयोजन में आयोजक दिलीप वर्मा, सुधीर वर्मा, कमल वर्मा, वेदप्रकाश वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। अंत में महाआरती व प्रसाद वितरण किया गया।

■ श्रीमद्भागवत महापुराण में गजेन्द्र मोक्ष, समुद्र मंथन, भक्त अमरीश और वामन अवतार की प्रस्तुति

## खबर संक्षेप

### पल्स पोलियो अभियान के लिए जागरूकता रथ रवाना



**भाटापारा।** खण्ड चिकित्सा अधिकारी डा. राजेन्द्र महेश्वरी के मार्ग दर्शन में आयोजित होने वाले पल्स पोलियो अभियान 21 दिसम्बर को मनाया जायेगा। इसके लिए प्रचार प्रसार अभियान व आम लोगों को जागरूक करने जागरूकता रथ रवाना किया गया। इस अवसर पर खण्ड चिकित्सा अधिकारी डा. राजेन्द्र महेश्वरी, बीईटीओ अरविंद वर्मा, डॉ. प्रमील पटेल, नितेश शर्मा, कुलेश्वर चेलक, फरहत मिर्जा, सुपरवाइजर पुरैना, रामकुमार यादव उपस्थित थे।

### कोसमंदा में श्रीमद्भागवत कथा आज से

**पलारी।** ग्राम कोसमंदा में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन मनसाना परिवार के अयोजकत्व में 21 से 29 दिसंबर तक किया गया है। वेदव्यास पर आचार्य पं. पवन कुमार द्विवेदी श्रीमद् भागवत कथा प्रसंग का वाचन किया जाएगा। जिसमें प्रथम दिवस शोभायात्रा, वेदी पूजा पश्चात भागवत कथा, परीक्षित जन्म,वराह अवतार, सती चरित्र, देवासुर संग्राम, समुद्र मंथन, श्री कृष्ण जन्मोत्सव एवं बाल लीला, सुदामा चरित्र परीक्षित मोक्ष आदि प्रसंगों का वाचन किया जाएगा। मनसाना परिवार द्वारा अमृत रूपी भागवत कथा का रसपान कर जीवन धन्य बनाने की अपील की गई है।

## जयंती : भ्रमण के बाद जैतखाम की पूजा अर्चना कर पालो चढ़ाया गया

# गुरु घासीदास जयंती पर टोनाटार में निकाली गई शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अर्जुनी



गुरु घासीदास की जयंती जिलेभर में धूमधाम से मनाई गई। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत टोनाटार में भी सतनामी समाज द्वारा गुरु घासीदास की जयंती धूमधाम से मनाई गई। टोनाटार सरपंच एवं सरपंच संघ उपाध्यक्ष विष्णु कोसले की उपस्थिति में सतनामी समाज के लोगों द्वारा गांव में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा गांव भ्रमण के बाद गुरु घासीदास चौक में जैतखाम की पूजा अर्चना कर पालो चढ़ाया गया।

भाटापारा विधायक इंद्र साव ने गुरु घासीदास बाबा के जीवन उनके संघर्षों और समाज सुधार के लिए दिए गए उपदेशों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने जाति भेदभाव और उच्च नीच से ऊपर उठकर पूरे समाज को मानवता के सूत्र में बांधने का कार्य किया। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही एक समतामूलक न्यायपूर्ण और संगठित समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने सतनामी समाज के लिए भवन बनाने की घोषणा की। पूर्व जनपद सदस्य एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य चंद्रप्रकाश साहू ने कहा कि गुरु घासीदास ने मानवता सत्य और समानता पर आधारित एक ऐसा आध्यात्मिक और सामाजिक मार्ग दिखाया जो आज भी लोगों को प्रेरित करता है उनके बताए हुए मार्ग पर सभी को चलने प्रेरित किया। इस दौरान आदिवासी समाज टोनाटार चक अध्यक्ष दौलत कुंजाम, भारत माता वाहिनी समूह अध्यक्ष मंजू वर्मा, सचिव लक्ष्मी वैष्णव, समस्त भारत माता वाहिनी समूह के सदस्य उपसरपंच कुलेश्वर पिंकू वर्मा, पंच राहुल घृतलहरे, डीगेश कुमार वर्मा, रामकुमार लहरे, बाजेलाल दिवाकर, ओमप्रकाश दिवाकर, राजेश, महेश, नारद, रविन्द्र, मोहन एवं बड़ी संख्या में सतनामी समाज के लोग उपस्थित थे।

### वटगन में कल मनायी जायेगी गुरु घासीदास की जयंती

**घोटिया।** ग्राम वटगन में गुरु घासीदास बाबा जी के जन्मदिवस पर 22 दिसंबर को भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर ग्रामवासियों एवं सतनामी समाज में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर में शोभायात्रा के साथ की जाएगी, जो पूरे ग्राम में भ्रमण करेगी। इसके पश्चात शाम को पारंपरिक पंथी नृत्य का आयोजन किया गया है, जिसमें कलाकार बाबाजी के संदेशों और सतनाम पंथ की गौरवशाली परंपरा को नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत करेंगे। साथ ही श्रद्धालुओं द्वारा पालो चढ़ाने की धार्मिक विधि भी संपन्न की जाएगी। कार्यक्रम की श्रृंखला में रात्रि को प्रसिद्ध लोक कलाकार दिलीप डहरिया द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा, जो श्रद्धालुओं और दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। आयोजन समिति ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं एवं ग्रामवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। यह आयोजन सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक विरासत और गुरु घासीदास बाबा जी के सत्य, अहिंसा एवं समानता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा।



## निधन

### डॉ. रामनारायण साहू

**रवान।** ग्राम कर्मदा निवासी डॉ. रामनारायण साहू का निधन 15 दिसम्बर को हो गया। उनके अंतिम संस्कार में ग्रामवासी, जनप्रतिनिधि, स्कूल के शिक्षक बड़ी संख्या में श्रद्धांजलि देने पहुंचे। वे बसंती साहू के पति एवं राजीव साहू के पिता थे तथा लूसू राम साहू, भगवती साहू के भतीजा थे।



### ननकू राम साहू

**घोटिया।** स्थानीय निवासी 70 वर्षीय ननकू राम साहू का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को गृह ग्राम घोटिया में हुआ। इस अवसर पर सजाती बांधवों सहित ग्राम के अनेक ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। वे पुनूराम साहू के बड़े भ्राता तथा ठाकुर राम साहू के पिताजी तथा उमेश साहू, देवेंद्र साहू एवं चंदू साहू के बड़े पापा थे।



# शिक्षकों ने सीखा सामाजिक विज्ञान और अंग्रेजी को रोचक तरीके से पढ़ाने के गुर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरोरा

विकासखंड स्रोत केंद्र द्वारा कक्षा छठवीं से आठवीं तक के शिक्षकों के लिए पांच दिवसीय ऑफलाइन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। पूर्व माध्यमिक शाला भरुवाडीह कला में आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य नवीन पाठ्यक्रम की समझ विकसित करना और शिक्षण को गतिविधि-आधारित बनाना रहा।

प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को सामाजिक विज्ञान और अंग्रेजी जैसे विषयों को अधिक प्रभावी और रोचक तरीके से पढ़ाने के गुर सिखाए गए। विद्यालय के प्रधान पाठक दिनेश कुमार वर्मा के विशेष मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में संकुल समन्वयक हिमाचल चौबे एवं नेमचंद धीवर ने व्यवस्थाओं और समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

■ शिक्षकों के लिए 5 दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

### मास्टर ट्रेनर्स ने दिए आधुनिक टिप्स

*प्रशिक्षण सत्रों में अनुभवी मास्टर ट्रेनर ललित वर्मा, नरेंद्र दीवान एवं राजेश ठाकुर ने शिक्षकों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने नवीन पाठ्यक्रम की गहराई से समझ, आधुनिक और नवाचारपूर्ण शिक्षण विधियां, प्रभावी मूल्यांकन प्रक्रिया, कक्षा-कक्ष में गतिविधि-आधारित शिक्षण का प्रयोग पर प्रकाश डाला।*

### शिक्षकों ने साझा किए अनुभव

*पूर्व माध्यमिक शाला असौंदा के शिक्षक डाकेश्वर प्रसाद वर्मा ने बताया कि यह प्रशिक्षण अत्यंत उपयोगी रहा। उन्होंने कहा कि यहां सीखी गई व्यवहारिक जानकारियां बच्चों को विषय समझाने में काफी मददगार साबित होंगी। कार्यक्रम में कृष्ण कुमार वर्मा, हरिशंकर, रमेश कुमार वर्मा, कमल नारायण वर्मा सहित अन्य शिक्षकों की सहभागिता रही।*



# सशिमं में मना राष्ट्रीय गणित दिवस, खनिज निरीक्षक विजय वर्मा का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरोरा

सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय गणित दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न गणितीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय कुमार वर्मा खनिज निरीक्षक थे। विद्यालय के लिए यह गौरव का क्षण था कि उनके पूर्व छात्र विजय कुमार वर्मा ने राज्य स्तरीय लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 10वां रैंक प्राप्त कर खनिज अधिकारी के पद पर चयनित होकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर विद्यालय संचालन समिति के अध्यक्ष, व्यवस्थापक और प्राचार्य द्वारा उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

### गणित को सरल बनाने का प्रयास

विशिष्ट अतिथि शिक्षक विष्णु प्रसाद देवांगन एवं दिनेश कुमार साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य अश्वनी पाटकर ने की। अतिथियों ने कहा कि विद्या भारती द्वारा इस तरह के आयोजनों से गणित जैसे कठिन माने जाने वाले विषय को खेल-खेल में सरल बनाने का सराहनीय प्रयास किया जा रहा है। गणित दिवस पर आयोजित प्रतियोगिताओं में 105 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानाचार्य संजय वर्मा, गणित आचार्य राजू वर्मा, टिकेश्वर वैष्णव, शिवम साहू, टिकेश्वर बर्मन, भारत लाल वर्मा, पल्लवी रात्रे, प्रीति चंद्राकर, अनिता चंद्राकर सहित समस्त आचार्य वृंद का विशेष योगदान रहा।

## राजमिस्त्री कल्याण संघ के निर्विरोध अध्यक्ष बने कुल्लू रात्रे



**लवन।** राजमिस्त्री कल्याण संघ लवन अहिल्दा का चुनाव कसडोल मिस्त्री संघ द्वारा निर्वाचन कराया गया, जिसमें लवन ब्लॉक के गांवों से सैकड़ों की संख्या में राजमिस्त्री, ठेकेदार शामिल हुए। कसडोल मिस्त्री संघ से निर्वाचन अधिकारी बन के आए लोगों ने दिशा निर्देश और सलाह से सर्वसहमति से पूर्व पार्षद एवं ठेकेदार कुल्लू रात्रे को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष राजू घृतलहरे, सचिव पोश कुमार साहू कोषाध्यक्ष, वीरू लोधी सहसचिव, ओमप्रकाश वर्मा संगठन मंत्री, एसकुमार धीवर एवं संरक्षक नकुल साहू निर्वाचित किए गए। अध्यक्ष निर्वाचित होते ही कुल्लू रात्रे समस्त नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं सदस्यों से कहा कि मैं अपने कर्तव्यों निर्वाह करते हुए हर संभव साथ देने का वायदा करता हूं। इस चुनाव कसडोल से आए राजमिस्त्री संघ के रविशंकर भ्रातेश, देवनारायण साहू, रामायण राव, विश्राम साहू, दिलीप यादव, रामकुमार साहू, बजरंग यादव, सुरेश यादव, जवाहर साहू लवन राजमिस्त्री संघ एवं ठेकेदार के सुभाष साहू, पुरूषोतम, फिरत रजक, सुनील कुमार, मनोहर साहू, अविनाश, कमलेश, हर प्रसाद, विजय पटेल, योगेश सहित ठेकेदार सैकड़ों संख्या में उपस्थित थे।

## शोक संदेश



### स्व. श्री मोहरसाय अजय जी

अत्यंत दु:ख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूज्य पिताजी राज महंत स्वर्गीय श्री मोहरसाय अजय जी का आकस्मिक निधन दिनांक 09 दिसंबर 2025 को हो गया। आपका जन्म दिनांक 09 अगस्त 1968 था। वे आदिम जाति कल्याण विभाग कसडोल के मंडल संयोजक एवं छात्रावास अधीक्षक, राज महंत, सतनामी कर्मचारी कल्याण समिति के पूर्व अध्यक्ष, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के मान. जिला सह संघ चालक रहे। आपने शिक्षा के क्षेत्र में 7 विषयों में एम.ए. की उपाधि प्राप्त की थी। उनका संपूर्ण जीवन समाज सेवा, अनुशासन एवं शिक्षा को समर्पित रहा। उनका निधन परिवार, समाज एवं क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है।

**शोक सभा एवं तेरहवीं कार्यक्रम**
दिनांक : 21 दिसंबर 2025 (रविवार)
समय : दोपहर 12 बजे से आपके आगमन तक, स्थान : सतनाम भवन, कसडोल

ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें एवं शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

**शोकाकुल परिवार**
भूरी बाई अजय (पत्नी), लता जांगड़े (बड़ी बेटी)
ललिता अजय (छोटी बेटी), घनश्याम अजय (बड़ा बेटा), विमल अजय (छोटा बेटा)

टीप - जिन प्रियजनों एवं साथियों को शोक पत्र नहीं मिल पाया हो वह इसे ही आमंत्रण स्वीकार करें।

# हिन्दू सम्मेलन पर निकाली कलश यात्रा

**भाटापारा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में भारत में लगभग 1 लाख हिंदू सम्मेलनों का आयोजन कर रहा है। इसी कड़ी में भाटापारा नगर के महाकाल बस्ती में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन हुआ। सम्मेलन में भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जो पूरी बस्ती भ्रमण के बाद नगर भवन में समाप्त हुई। इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं कार्यकर्ता सहभागी बने। कार्यक्रम को मुख्य वक्ता प्रांत सह प्रचारक नारायण नामदेव ने संबोधित करते हुए समाज को संगठन, संस्कार और राष्ट्रहित के लिए एकजुट रहने का संदेश दिया। नारायण नामदेव ने कहा कि यह आयोजन सांस्कृतिक चेतना, सामाजिक समरसता और वैचारिक दृढ़ता का सशक्त प्रतीक हैं। अविनाश शर्मा ने कार्यक्रम की रुपरेखा एवं प्रस्तावन रखी।




साथ ही इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में योगदान देने वाले समस्त समर्पित कार्यकर्ताओं, युवा साथियों एवं बस्तीवालो का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला प्रचारक विवेकानंद, पवन यादव, नीरा साहू, पप्पू पांडेय, लिकेश साहू, प्रत्येष राठौड़, पीयूष साहू, सुरेंद्र डागोर, लाला जायसवाल सहित अन्य जन उपस्थित थे।




